## खबर संक्षेप

### सुरदहा कला गाँव में घर में लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

**सतना।** जसो थाना क्षेत्र के सुरदहा कला गाँव में सूने घर में बीती रात भीषण आग लग गई। स्थानीय ग्रामीणों ने आग की लपटें देखकर तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की संयुक्त कोशिशों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। पीड़ित परिवार ने पड़ोसी ऑटो चालक पर आगजनी का गंभीर आरोप लगाया है,जसो पुलिस ने पूछताछ के लिए ऑटो चालक को हिरासत में लिया। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है।

### अवैध रूप से बोरिंग करने पर तीन लोगों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध

**सतना।** कोठी थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज द्वारा अवैध नलकूप खननकर्ताओं (बोर करने वालों) के विरुद्ध कार्यवाही की गयी है। पुलिस टीम ने एक करोड़ 20 लाख रुपये की सामग्री जब्त कर ली है। 16 अप्रैल की रात गुलुआ ग्राम में रोड के किनारे बोरिंग किये जाने की सूचना मुखबिर से मिलने पर थाना प्रभारी श्री भारद्वाज द्वारा स्टाफ सहित मौके पर पहुंच कर बोरिंग मशीन वाले ट्रक क्र. केए 01 एमपी 0779 एवं बोर करने के लिये सहायक उपकरण लोड वाले ट्रक क्र. एनटी 20 एवाई 8951 को जप्त कराते हुए बीएनएस,म.प्र.पेयजल परिरक्षण अधिनियम एवं मोव्ही एक्ट की सुसंगत धाराओं मे अपराध पंजीबद्ध किया गया है। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जल संकट को दृष्टिगत रखते हुये जिले को जल अभावग्रस्त घोषित करते हुये बिना सक्षम अनुमति के बोरिंग कराने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके बावजूद आरोपियों द्वारा बोरिंग करायी जा रही थी। पुलिस द्वारा आरोपियों वेंकट चलम पिता पोन्नमलई उम्र 44 वर्ष निवासी अय्यानार थाना कईकल्तूर जिला प्र बल्लून तमिलनाडु,मोहन पिता चिन्नासामी उम्र 47 वर्ष निवासी मेला वीठी थिट्टाचेरी गंगावल्ली जिला सेलम तमिलनाडु, राजू पनाडिया पिता लालमन निवासी लोहरा थाना देवसर जिला सिंगरौली, तेज प्रताप सिंह पिता शिवप्रताप सिंह निवासी चटनिहा थाना जियावन जिला सिंगरौली एवं नीरज चतुर्वेदी निवासी निवासी पन्ना नाका उमरी थाना सिविल लाईन सतना के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी मनीष भारद्वाज के अलावा अश्वनीधर द्विवेदी,राजबहादुर सिंह, अरुण पाण्डेय,देवेन्द्र सेन,जगदीश मीणा, आशीष द्विवेदी,महेश बंसल,सुधीश अग्निहोत्री, रिंकू जाटव, मानवेन्द्र सिंह,रामनरेश बैगा, राजपाल बागरी,कुलदीप सिंह, रामगणेश पटेल, म.आर.मनीषा तिवारी आदि रहे।

### मैहर देवी जी बंधा बांध में मिला अज्ञात बच्चे का शव

**मैहर।** देवी जी बंधा बांध में एक अज्ञात बच्चों का शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर घटना की जांच प्रारंभ कर दी है। बताया जाता है कि वार्ड नंबर 1 स्थित बंधा बांध में हेलीपैड के पास एक अज्ञात बच्चे का शव पानी में तैरता पाया गया है। जिसकी उम्र लगभग 14 से 15 वर्ष के बीच बताई जा रही है। जिसने बाएं पैर पर चांदी का चूड़ा पहने हुए है। जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मौके पर पहुंची देवी जी पुलिस के द्वारा बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### सीवर लाइन की टंकी बनाने के दौरान पाइप गिरने से सुपरवाइजर की मौत

**मैहर।** एलसी इंफ्रा कंपनी का सीवर लाइन बनाने का काम चल रहा है। इसी दौरान लोहे के पाइप गिरने से सुपरवाइजर धीरेन्द्र सिंह को गंभीर चोट आई। जिसकी वजह से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।गुरुवार की सुबह तकरीबन 12 बजे के आस पास मैहर थाना अंतर्गत हरनामपुर में एलसी कंपनी के द्वारा सीवर लाइन का काम किया जा रहा है।ठेकेदार राजेश पटेल गुजरात ने धीरेन्द्र सिंह को सुपरवाइजर रखा हुआ था। सुपरविजन का काम देख रहे धीरेन्द्र सिंह पिता राम कुमार उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बेलदरा सीमेंट डालने वाला पाइप जाम हो गया। जिसे सुधारने के लिए धीरेन्द्र सिंह लोहे के पाइप से उसे ठोकने लगा। जिसके बाद सीमेंट से भरा पाइप धीरेन्द्र के ऊपर आ गिरा।जिसके बाद साथी मजदूर की मदद से धीरेन्द्र को निकाला गया और एंबुलेंस की सहायता से मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।



### दिन में तेज धूप, सता रही है गर्मी... पारा 39 डिग्री

# बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**दोपहर की चिलचिलाती धूप में बाहर जाने से करें परहेज, हर आधे घंटे बाद पानी पीये**

जिले में अब गर्मी धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। दोपहर में होने वाली तेज धूप लोगों के लिए मुश्किल खड़ी कर रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

**सतना।**

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को गर्मी से बचाने के लिए एडवायजरी जारी की गई है। जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ प्रदीप गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ सावधानियां बरतकर गर्मी से होने वाली बीमारियों और नुकसान से बचा जा सकता है। अधिक तापमान शरीर की तापमान नियमन प्रणाली को खराब कर देता है और शिशुओं, छोटे बच्चों,गर्भवती महिलाओं, 65 या उससे अधिक उम्र के लोगों,मजदूरों,मोटापे से पीड़ित लोगों,मानसिक रूप से बीमार लोगों,ह्रदय रोग से पीड़ित रोगियों को उच्च तापमान से बचना चाहिए। गर्मी से बचने के लिए हमें दोपहर में धूप में बाहर नहीं निकलना चाहिए।संभव हो तो हमें सुबह और शाम को बाहर का काम करना चाहिए। प्यास न होने पर भी हर आधे घंटे में पानी पीना चाहिए। किंतु मिर्गी या ह्रदय रोग,गुर्दे या यकृत रोग से पीड़ित लोग सीमित तरल पदार्थ का सेवन कर रहे,उन्हें पानी का सेवन बढाने से चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए। नंगे पैर धूप में न जाए,उन्होंने कहा कि बाहर काम करते समय पूरे शरीर को ढकने वाले हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने चाहिए। सीधी धूप से बचने के लिए सिर को ढकने के लिए छाता, टोपी, गमछा, पगड़ी या दुपटटे का उपयोग करना चाहिए। नंगे पैर धूप में न जाए जो लोग धूप में काम करते है उन्हें शरीर का तापमान 37 डिग्री पर रखने के लिए थोड़ी-थोड़ी देर बाद छाया में आराम करना चाहिए या सिर पर गीला तौलिया का कपड़ा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि तरबूज,संतरा,ककड़ी, टमाटर,लौकी और तोरी जेसे मौसमी फल व सब्जियों का अधिक उपयोग करना चाहिए।क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है।ऐसे मौसम में हमें ओआरएस नीबू पानी,लस्सी छाछ,नारियल पानी तथा अन्य तरल पदार्थो का सेवन अधिक से अधिक करना चाहिए। किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधित समस्या होने या गंभीर लक्षण होने पर तत्काल नज़दीकी अस्पताल में संपर्क करें। समस्त शासकीय अस्पतालों में लू-तापघात का इलाज निःशुल्क उपलब्ध है।

## दर्शन का धंधाः अब आस्था भी खरीदो, सरकार से रसीद लो!



**मैहर।** जिस मां शारदा के दरबार में हर भक्त समान भाव से शीश झुकाता है,अब वहां भी 'दरबार' दो हिस्सों में बंटेगा-एक आम श्रद्धालु का और दूसरा खास श्रद्धालु यानी विशिष्ट और अति विशिष्ट का। जी हां,जिला प्रशासन ने एक नई स्कीम निकाली है- 'शीघ्र दर्शन सेवा'। मतलब अब भक्तिभाव से ज्यादा जरूरी होगा आपके जेब का वजन और ओहदे की ऊंचाई।मैहर कलेक्टर के एक्स हैंडल से इस नायाब योजना की भनक लगी है और खबर है कि इसे मूर्त रूप देने की तैयारी जोरों पर है। प्रशासनिक गलियारों में बैठकें हो रही है और मंदिर को भीड़ से कैसे 'कमाई केंद्र' में बदला जाए, इस पर मंत्रणा जारी है।इस फैसले पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सनातन धर्म के नाम पर वोट बटोरने वाली सरकार अब आस्था पर भी शुल्क लगाने को तैयार है। आम श्रद्धालु लाइन में धक्के खाए और विशिष्ट कैमरे के सामने फूल माला पहनकर सेल्फी ले,यही अब नया धर्माचार्य बन चुका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा,लगता है अगली योजना ये होगी कि रोपवे में बैठने से पहले भक्तों की सालाना इनकम पूछी जाएगी-गरीबों को रस्सी पकड़कर खींचा जाएगा और अमीरों को फूलों से सजाए केबिन में बिठाया जाएगा।श्री सिंह ने प्रशासन और रोपवे प्रबंधन की मिली भगत को लेकर भी सवाल उठाया,जिनके पास रसूख है,उन्हें सीधे माता के चरणों तक पहुंचाना। बाकियों के लिए सिर्फ पसीना, लाइन और अपमान। यही है 'सबका साथ, सबका विकास'? भाजपा सांसद और विधायक की चुप्पी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा जो लोग 'सनातन' के नाम पर वोट मांगते हैं,वे अब 'श्रीवाले' दर्शन के नाम पर भक्तों की जेब काट रहे हैं।

# नेशनल हेराल्ड मामले में भाजयुमो का प्रदर्शन, सेमरिया चौक पर पुतला दहन



**सतना।**

नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा सेमरिया चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी करते हुए कांग्रेस का पुतला दहन कर अपना आक्रोश जताया। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर सुर्खियों में है, इस बार देशभर में ज्ञापन देकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कथित मामलों में बचाने के लिए जांच एजेंसियों पर दबाव बनाने के प्रयास को लेकर,विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी न्याय प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। इस अवसर पर भाजयुमो ज़िला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी ने कहा कि कांग्रेस लगातार जाँच एजेंसियों पर दबाव बना रही है और जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो पदाधिकारियों ने कहा कि नेशनल हेराल्ड घोटाले में दोषियों को सजा दिलवाकर ही न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली और पूरे जोश के साथ कांग्रेस के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। इस दौरान भाजपा ज़िला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय,भाजयुमो ज़िला प्रभारी ऋषभ सिंह,ज़िला उपाध्यक्ष विजय तिवारी,मुरारी सोनी,वरिष्ठ नेता रवींद्र सेठी,युवा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी,बालकृष्ण शुक्ला,संजीव दुवेदी,जय प्रताप गुप्ता,श्रीमती मनीषा सिंह,श्रीमती जानवी त्रिपाठी,सहित पदाधिकारी कार्यकर्त्ता गण मौजूद रहे।

# एकेएस विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान के छात्रों ने लिया एआई कार्यशाला में भाग

**सतना।**



एकेएस विश्वविद्यालय में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के चार बी.टेक सीएसई,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस छात्र बॉबी रॉय,आदित्य गुप्ता,ध्रुव शाह और रंजीत बुनकर ने एआई के साथ जावा अनुप्रयोगों का आधुनिकीकरण विषयपर एक दिवसीय व्यावहारिक कार्यशाला में भाग लिया। यह कार्यक्रम री-स्किल टीम द्वारा 10 अप्रैल 2025 को गुरुग्राम में माइक्रोसॉफ्ट कैंपस में आयोजित किया गया था। कार्यशाला ने छात्रों को जावा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नवीनतम तकनीकों और वास्तविक दुनिया के उपयोगों की खोज की दुनिया दिखाई। प्रतिभागी देश के विभिन्न हिस्सों से आए थे। माइक्रोसॉफ्ट के हेमंत राठौर,सतीश कमलचंद दाधा,अंशुमान अग्रवाल और यूसुफ रंगवाला ने सिस्को के विकास मलिक के साथ विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए। इन विशेषज्ञों ने गहन तकनीकी ज्ञान साझा किया और लाइव प्रदर्शन दिए,जिसे छात्रों ने आकर्षक और अत्यधिक जानकारीपूर्ण पाया। उन्हें माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर और गिट-हब कोपायलट जैसे प्लेटफॉर्म का भी व्यावहारिक अनुभव मिला, जिससे उन्हें पता चला कि ये उपकरण सॉफ्टवेयर विकास और एआई के भविष्य को कैसे आकार देते हैं। छात्रों ने कहा कि कार्यशाला ने वर्तमान उद्योग रुझानों के बारे में उनकी समझ को बेहतर बनाया। उन्होंने इस अवसर को संभव बनाने में उनके सहयोग के लिए एसोसिएट डीन और विभागाध्यक्ष प्रो. अखिलेश ए.वाऊ, माइक्रोसॉफ्ट समन्वयक सजल कर ने स्टूडेंट्स को भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर मैहर ने विजयी परचम लहराया

**मैहर।**

सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत जबलपुर के द्वारा 36वां विभाग-एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 सरस्वतीआवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतैली,सतना में संपन्न हुई।जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर मैहर के भैया बहनों ने शिशु वर्ग में बहिन वैष्णवी नामदेव कक्षा-पंचम ने 100 मी.,200 मी., 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान (तीनों इवेंट्स में गोल्ड मेडल)। भैया अंश रावत कक्षा चतुर्थ ने 50 मी.,200 मी., दौड़ में प्रथम स्थान तथा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान,भैया अथर्व पाठक कक्षा पंचम ऊंची कूद तथा गोला फेक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मैहर नगर एवं सरस्वती शिशु मंदिर मैहर को गौरवान्वित किया।

## मैहर में कुंभ करनी नींद में सोया खाद्य विभाग, पानी की जगह आरओ वाले बेच रहे दूषित पानी



**मैहर।**

बीते दिनों द्वारा देवी जी धाम में पानी की सप्लाई यानी आरो का पानी गंदगी से भरा लोगो को बाट रहा था एक दुकान में जब केन को पलटी कर रहा था तो पानी में काई भरी हुई थी जब पानी लेने वाले ग्राहक ने इस बात को कर्मचारी से बताया और दिखया तो कर्मचारी का कहना था की पानी को छान कर पीना ये टंकी की काई है इससे कुछ नही होता ये किसी की डिब्बे में आ जाता है कोई बड़ी बात नही कर्मचारी की इस बात से यह साबित होता है की 30 रुपये में आरो का पानी बनाकर बेचने वाले शासन के किसी नियम का पालन नही करते या युं कहें की मैहर क्षेत्र में करीब दो दर्जन पानी फिलटर व आरो का पानी बेचने के दुकान खोलकर बैठने वालों को खुली छुट लूटने के लिए खाद्य विभाग ने दे रखा है कोई आरो प्लांट मे देखने व पूछने वाला विभाग नही की कमर्शियल मे पानी उपयोग किया जा रहा है।

### जैन समाज ने मौन जुलूस निकालकर विरोध जताया

**सतना।** मध्यप्रदेश के नीमच में जैन गुरु के ऊपर हुए हमले को लेकर गुरुवार को सतना जैन समाज द्वारा मौन जुलूस निकाला गया। जैन समाज के लोग मौन जुलूस निकालकर विरोध जताते हुये गांधी चौक से कलेट्रेट पहुंचे, जहां समाज की ओर से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। नीमच में जैन गुरू पर हुये हमले को लेकर समूचे जिले के जैन समाज में व्यापक आक्रोश है। जैन समाज द्वारा प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव से जैन गुरू पर हमला करने वालों के खिलाफ सत कार्यवाही किये जाने की मांग की गयी है। उधर मुनि डॉ.सतीश ने चार मुनि प्रवरों के सानिध्य में सतना श्री संघ के तत्वावधान में प्रवचन के मध्य कहा कि जैन गुरू पर नीमच में किया गया हमला दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। डॉ. सतीश मुनि ने आगे कहा कि ऐसी घटना के मामले में क्षेत्रीय जनता को,आसपास के श्री संघो को तथा प्रशासन को जागृत होने की जरूरत है।

## बाघिन पी-213(22) ने 9 वर्ष पूर्व यहाँ के जंगल में दी थी दस्तक

# पन्ना की इस बाघिन ने आबाद किया चित्रकूट का जंगल

### कई बार शावकों को दिया जन्म, मौजूदा समय 30-35 टाइगर

पन्ना टाइगर रिज़र्व की बाघिन पी-213(22) ने चित्रकूट के जंगल को बाघों से आबाद कर दिया है। पन्ना की यह बाघिन अपने लिए नए आशियाने की तलाश में 24 नवंबर 2015 को पन्ना कोर क्षेत्र से बाहर निकलकर चित्रकूट के जंगल में दस्तक दी थी।

पन्ना।

तभी से यह बाघिन वन मंडल सतना के वन परिक्षेत्र मझगवां अंतर्गत सरभंगा के जंगल को अपना ठिकाना बनाए हुए है। यहाँ रहते हुए इस बाघिन ने कई मर्तबे नन्हे शावकों को जन्म दिया, फलस्वरूप यह जंगल बाघों और नन्हे शावकों की चहल कदमी से गुलजार है। उल्लेखनीय है कि बाघ पुनर्स्थापना योजना की चमत्कारिक सफलता के बाद देश व दुनिया में विख्यात हो चुके पन्ना टाइगर रिज़र्व में जन्मे बाघ बुंदेलखंड सहित विंध्य क्षेत्र के जंगलों को भी आबाद कर रहे हैं। आलम यह है कि चित्रकूट के निकट सरभंगा के जंगल में बाघिन पी-213(22) के बच्चों के भी बच्चे हो गए हैं। इस बाघिन की दो पीढ़ियां जंगल में स्वच्छंद रूप से विचरण कर रही हैं। बाघों का कुनबा बढ़ने से अब यहाँ अक्सर सड़क मार्ग पर भी राहगीरों को वनराज के दर्शन होने लगे हैं। यही वजह है कि वन्य जीव प्रेमी बाघों से आबाद हो चुके चित्रकूट के इस जंगल को टाइगर रिज़र्व का दर्जा देने की मांग करने लगे हैं।



### दिसम्बर 2013 में जन्मी थी यह बाघिन

पन्ना बाघ पुनर्स्थापना योजना की सफलतम रानी कही जाने वाली कान्हा की बाघिन टी-2 ने पी-213 को अक्टूबर 2010 में जन्म दिया था। इस बाघिन ने नर बाघ पी-111 से जोड़ा बनाकर दिसंबर 2013 में चार शावकों को जन्म दिया। जिनमें तीन मादा व एक नर शावक था। इन्हीं तीन मादा शावकों में से एक बाघिन पी- 213 (22) है जिसने चित्रकूट के जंगल को न सिर्फ अपना ठिकाना बनाया अपितु यहां पर कई बार शावकों को जन्म देकर यहां के जंगल को बाघों से आबाद भी किया है। मौजूदा समय इस वन क्षेत्र में बाघिन पी-213(22) सहित कुल 30-35 बाघ विचरण कर रहे हैं।

### सरभंगा मांगे सम्मान, बने टाइगर रिजर्व पहचान

क्या आप जानते हैं ? चित्रकूट की पावन भूमि के निकट, मझगवां सरभंगा का जंगल अब सिर्फ जंगल नहीं, बाघों का जीता-जागता गढ़ बन चुका है। सतना जिले के वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर शर्मा बाघों से आबाद हो चुके इस जंगल को टाइगर रिज़र्व बनाने के लिए मुहिम चला रहे हैं। वे बताते हैं कि यह गर्व की बात है कि सरभंगा में आज 34 बाघों का कुनबा (जिनमें 6 नन्हे शावक भी शामिल हैं) शान से विचरण कर रहा है। पन्ना की बाघिन पी-213(22) यहाँ 18 शावकों को जन्म दे चुकी है। यह अद्भुत क्षेत्र 19,000 हेक्टेयर में फैला प्रकृति का खजाना है। सरभंगा के जंगल को टाइगर रिजर्व बनाना क्यों जरूरी है ? इस सम्बन्ध में श्री शर्मा का कहना है कि यह अनूठा और जैव विविधता से समृद्ध वन क्षेत्र सिर्फ बाघों से ही आबाद नहीं है, यहाँ 70 से अधिक तेंदुए, 60 भेडिये,150 लकड़बग्घे, 50 से अधिक भालू, जंगली कुत्ते, लोमड़ियाँ और बड़ी संख्या में हिरण, नीलगाय व दुर्लभ पक्षी बसते हैं। आपका कहना है कि पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश में सिर्फ 3 बाघों पर रानीपुर को टाइगर रिजर्व बना दिया गया है, जबकि हमारे यहाँ सरभंगा के जंगल में वहां की तुलना में 11 गुना ज़्यादा बाघ हैं। यह मध्य प्रदेश के लिए सुनहरा अवसर है, कि सरभंगा के जंगल को टाइगर रिज़र्व बनाया जाय। यह जंगल पन्ना और रानीपुर टाइगर रिजर्व को जोड़ता है, जो वन्यजीवों के सुरक्षित आने-जाने (गलियारे) के लिए ज़रूरी है। केन-बेतवा लिंक से प्रभावित होने वाले पन्ना के बाघों के लिए सरभंगा प्राकृतिक शरणस्थली बन सकता है। टाइगर रिजर्व बनने पर यहाँ पर्यटन बढ़ेगा, हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा फलस्वरूप चित्रकूट क्षेत्र में समृद्धि आएगी। सरभंगा का भविष्य खनन नहीं, संरक्षण और पर्यटन में है। इसलिए आवाज़ उठाइये और समर्थन दीजिये।

## खबर संक्षेप

### सोनिया और राहुल गांधी का युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन



**पन्ना।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदर्शन कर जांच एजेंसिओं को दवाब बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी के ढांचे का उपयोग कर निजी लाभ अर्जित किया है। यह सब वास्तविकता उजागर करने के परिपेक्ष्य में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार भाजपा जिला अध्यक्ष पन्ना बृजेंद्र मिश्रा के निर्देशन में और युवा मोर्चा पन्ना जिलाध्यक्ष भास्कर पाण्डेय के नेतृत्व गांधी चौक पन्ना में कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुतला दहन में मुख्य रूप से नरेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शशांक वर्मा जिला महामंत्री युवा मोर्चा राजकुमार वर्मा सुदीप सिंह यादव पंकज मिश्रा अजय पाठक शिवाजी राजा परमार गजेंद्र सिंह परमार अंकित शर्मा पूरन यादव विनोद तिवारी ऋषभ साहू, निखिल सोनकर सतीश बर्मन जयप्रकाश द्विवेदी अन्य युवा साथी शामिल रहे।

### पन्ना टाइगर रिजर्व में मनाई गई बाघ जन्म दिवस की 15वीं वर्षगांठ



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व, पन्ना में बाघ पुनःस्थापना में प्रथम वार पैदा हुये बाघ शावको की वर्षगांठ प्रत्येक वर्ष 16 अप्रैल को मनाई जाती है। इसी कड़ी में कार्यालय क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व में उप संचालक, सहायक संचालक, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यालयीन एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों की उपस्थिति में बाघ जन्मदिवस की 15वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पन्ना बाघ पुनःस्थापना को सफल करने में पन्ना के आम नागरिको एवं पार्क के पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा किये गये अथक परिश्रम को याद किया।

### जिला विधिक सहायता अधिकारी ने शिविर में दी जानकारी



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के निर्देशन एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ के मार्गदर्शन में आज पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने उपस्थित महिलाओं को नालसा, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना एवं पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों से संबंधित विभिन्न विधिक प्रावधान तथा योजनाओं के बारे में भी बताया। महिलाओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम इत्यादि की जानकारी भी दी गई। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी सहित विधिक समस्याओं या शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कोई भी असुविधा होने पर प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क करने की सलाह दी गई। इस दौरान पर्यवेक्षक किरण खरे एवं अंजली गुप्ता सहित आंगनबाडी कार्यकर्ता अनीता पटेरिया, सहायिका सरस्वती विश्वकर्मा तथा पैरालीगल वॉलेंटियर सोनू यादव भी उपस्थित रहे।

### 15 करोड़ की स्वीकृत राशि से बनेगा शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्र नगर की नवीन बिल्डिंग



**पन्ना।** देवेंद्रनगर में बरसों से संस्कृत महाविद्यालय भवन की हालत जर्जर है जहां क्षेत्र के विद्यार्थी पढ़ते आते हैं और बिल्डिंग की हालत जर्जर होने के कारण महाविद्यालय में सही तरीके से पढ़ नहीं पाते क्योंकि बिल्डिंग की हालत काफी जर्जर है बिल्डिंग की हालत को लेकर कई बार वहां के शिक्षकों के द्वारा शिकायती पत्र और आवेदन भी दिए गए मगर कुछ नहीं हुआ क्षेत्र के ऊर्जावान विधायक के लगातार प्रयास से क्षेत्र का विकास हो रहा है विधायक राजेश वर्मा के प्रयाससे गुनौर विधानसभा क्षेत्र के देवेंद्र नगर शासकीय महाविद्यालय को नवीन बिल्डिंग के लिए 15 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है।

## पवई-करही तिराहा में प्रतिदिन लगता जाम, पल भर में वाहनों की लग जाती है लम्बी कतार, राहगीर परेशान

पवई।

पन्ना कटनी मुख्य मार्ग पर करही तिराह मे दिन भर जाम लगने वाले जाम से यातायात वाधित होना तो आम बात हो चुकी है लेकिन लगने वाले जाम से राहगीरों को कितनी परेशानी होती है इसकी चिंता किसी को नही है साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है बुधवार सुबह लगभग 11 बडे एक बड़े वाहन को मार्ग से निकलते वक्त करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा है लोगो के अनुसार सड़कों तक बढ रहा अतिक्रमण ही यातायात को वाधित कर रहा जिम्मेदार को यह हाल कि जब कोई बडा हादसा या विवाद जैसी स्थिति बनने लगती है दोषियों को तलाशने मे लग जाते है प्रशासन की उदासीनता के चलते है





व्यवस्थाए बिगड़ती महिनों से देखा जा रहा है कि मुख्य मार्ग पर सलेहा तिराह से लेकर अस्पताल तक सड़क तक दुकाने लगने लगी है तथा दुकानों के सामने वाहनों का खडा होना ही समस्या पैदा करते है इसके अलावा नगर मे कही भी वाहन पार्किंग आटो रिक्शा स्टैंड की सुविधा न होने से लोग अपनी मर्ज़ी से जहां चाहे खडे कर देते है। जिला प्रशासन को उक्त समस्या को संज्ञान मे लेते हुए सलेहा तिराह से लेकर वन विभाग कार्यालय तक मुख्य मार्ग को फोर लाइन व डिवाइडर मार्ग करवाया जाए जिससे पवई नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे जाम की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी त्रिवेंन्द्र त्रिवेदी द्वारा पुलिस बल भेजकर बड़ी मशक्कत के बाद जाम खुल पाया।

## देवेंद्र नगर की दरकती सांसें और धड़कते रास्ते, बाईपास नहीं, अब जीवन रेखा चाहिए

पन्ना।

नेशनल हाईवे-39 पर बसे देवेंद्रनगर की हालत अब ऐसी हो गई है कि हर गुजरता वाहन एक नए खतरे की आहट देता है। वर्षों से लंबित बाईपास सड़क निर्माण की मांग अब नागरिकों की केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य का मुद्दा बन चुकी है। देवेंद्रनगर का पूरा बाजार, सभी स्कूल-कॉलेज, मंदिर, मस्जिद, अस्पताल और सरकारी कार्यालय इसी नेशनल हाईवे के किनारे स्थित हैं। भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, संकरी सड़कें और ट्रैफिक जाम के बीच स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों का सफर बेहद जोखिम भरा हो चुका है। कई बार गंभीर दुर्घटनाएं घट चुकी हैं, परंतु जिम्मेदारों का मौन अब सवाल बन चुका है। जहां सतना के सांसद गणेश सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सड़क परियोजनाओं की प्रगति हेतु सक्रिय पहल की है, वहीं खजुराहो संसदीय क्षेत्र में आने वाले देवेंद्रनगर में केवल आश्वासन ही वर्षों से दोहराए जा रहे हैं। स्थानीय नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता ने स्वयं सांसद श्री वी.डी. शर्मा से भेंट कर नगर की जमीनी स्थिति से अवगत कराया था। उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया, परंतु महीनों बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हो सका। बाईपास की यह मांग अब महज़ ट्रैफिक का समाधान नहींकृयह बच्चों की सुरक्षा, व्यापार की समृद्धि, स्वास्थ्य की रक्षा और भविष्य की बुनियाद है। इस मांग को ज़ोरदार समर्थन देने वालों में कमलेश जैन, डॉ. रामसुख सोनी, अंकित गुप्ता, सांवरिया संदीप जैन, जितेन्द्र द्विवेदी, मौसम खान, ललित गुप्ता, प्रमित अग्रवाल, सौरभ जैन, अर्जुनदास अग्रवाल के साथ-साथ प्रिंस अग्रवाल, ऋषभ जैन, सुभाष अग्रवाल, सुरेन्द्र सोनी, सोनू अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण सक्सेना, राजू सोनी, धर्मदास गुप्ता, मनीष अग्रवाल और जमालुद्दीन जैसे जागरूक नागरिक शामिल हैं। इनका कहना है कि अब यह सवाल बन चुका हैकृक्या बाईपास निर्माण के लिए किसी बड़ी त्रासदी का इंतजार है? ''देवेंद्रनगर अब वादों से नहीं बहलने वाला। बाईपास केवल एक सड़क नहीं, यह शहर की धड़कन हैकृऔर यह धड़कन अब थमनी नहीं चाहिए।

## तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, दो महिला एक पुरुष घायल, एक महिला गंभीर



अमानगंज पन्ना

सड़क मार्ग पर स्वागत गेट के पास घटी घटनाअमानगंज निप्र-- पन्ना से जबलपुर के लिए रवाना हुई यात्री बस छंगे राजा अमानगंज प्रवेश द्वार के पास अनियंत्रित होकर आज पलट गई, जिसमें दो महिलाएं और एक पुरुष की घायल होने की जानकारी मिली है। घटना के विषय में छंगे राजा बस क्रमांक एमपी 35 पी 0295 रोज की तरह अपना पन्ना से नंबर लेकर जबलपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रही थी और जैसे ही स्वागत द्वार अमानगंज नगर का उसने पार किया तो बस चालक के द्वारा बस को हल्का सा मोड़ने का प्रयास किया परंतु गाड़ी मुडी नहीं और ना ही ब्रेक लगा। जिससे गाड़ी ड्राइवर की ओर ही पलटी ले गई। इस घटना में दो महिला घायल हुई है, जिसमें एक महिला हनुमतपुरा की बताई जा रही है जो द्वारी बस स्टैंड से अमानगंज के लिए बैठी थी जबकि दूसरी जसवंतपुरा मोड से अमानगंज के लिए बैठी थी। इसमें एक महिला का नाम सीमा पति विश्वनाथ कुशवाहा उम्र 46 वर्ष निवासी हनुमतपुरा महिला के दाहिने पैर में गंभीर चोटे बताई गई। जो पेर से लेकर कमर तक भारी कष्ट का कारण बनी, जिसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे बाहर ले जाने के लिए सलाह दी। चिकित्सक ने कहा कि पैर से लेकर कमर तक दो स्थानों पर हड्डी फ्रैक्चर हो सकती है, जो जांच रिपोर्ट के बाद साफ होगी। दूसरी महिला कपूरा बाई पति खिलईया साहू निवासी जसवंतपुरा अपने गांव से अमानगंज के लिए खरीदारी को आ रही थी जो घटना में चोटिल होकर घायल हो गई ।घटना में पुरुष के रूप में बस चालक निजामुद्दीन पिता शहाबुद्दीन 57 वर्ष निवासी रानी गंज पन्ना भी चोटिल बताय गए, घटना की सूचना पर पुलिस मोके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल के लिए रवाना किया।

## पवई अस्पताल के सामने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण हटाने की हुई बड़ी कार्रवाई

### बड़े-बड़े घरों को किया गया जमीदोज

### करोड़ों की जमीन को कराया गया अतिक्रमण मुक्त





**पवई।** पन्ना जिले के पवई में गुरुवार को प्रशासन द्वारा कटनी रोड पर वार्ड क्रमांक 15 में नवीन अस्पताल भवन के सामने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण रूपी घरों को गिराकर करोड़ों की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जानकारी अनुसार माननीय न्यायालय राजस्व प्रकरण क्रमांक 0087/अ- 68 के अनुसार शासकीय आरजी नंबर 3133/1/1 रकबा 4.445 हैक्टेयर भूमि जो मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज है, जिसमें अतिक्रमण है,जिसे बेदखल किए जाने का आदेश पारित किया गया था साथ ही तीन दिवस पूर्व आठ लोगों को बेदखल वारंट जारी किया गया था। गुरुवार की सुबह एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार प्रीति पंथी सीएमओ तबस्सुम खान,नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव, शिवम गौतम,थाना प्रभारी पवई त्रिवेंद्र त्रिवेदी सहित मोहन्द्रा चौकी, रैपुरा थाना,हरदुआ चौकी, शाहनगर थाना सहित राजस्व अमला एक जेसीबी व एक पोकलेन मशीन लेकर पहुंचे व शासकीय जमीन पर बने करोड़ों रुपए के घरों को गिराया गया। इस बड़ी कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। एसडीएम समीक्षा जैन ने बताया कि आगे भी अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही जारी रहेगी।

## गैर परंपरागत कृषि कर किसान समृद्धशाली बनें- जिपं अध्यक्ष

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम जरूआपुर में हुआ जल चौपाल का आयोजन





पन्ना।


जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा गुरूवार को पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मनौर के जरूआपुर ग्राम में कृषक जल चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल सह कार्यशाला में उपस्थित किसानों को जल के उचित प्रबंधन के लिए सूक्ष्म सिंचाई पद्धति का उपयोग कर उत्पादन बढ़ाने के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कृषकों को उद्यानिकी फसलों की खेती और विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर उन्नतशील खेती करने के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जरूआपुर एवं कुंजवन क्षेत्र के कृषक अपने परिश्रम की बदौलत बेहतर कृषि एवं सब्जी उत्पादन कर रहे हैं। साथ ही विभागीय योजनाओं की मदद से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए भी प्रयत्नशील हैं। यह सराहनीय कार्य अन्य कृषकों के लिए भी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि कृषक गैर परंपरागत कृषि को अपनाने के लिए आगे आएं। विशेषकर उद्यानिकी फसलों की खेती कर समृद्धशाली बनें और अन्य किसानों को विशेषकर युवा किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर कृषकों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही फसल और उत्पाद विक्रय के लिए विभाग द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा कृषकों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कृषक शासकीय योजनाओं का लाभ भी जरूर प्राप्त करें। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने जरूआपुर गांव में जल चौपाल और किसानों द्वारा पानी के सीमित संसाधन के बावजूद आधुनिक एवं उन्नत खेती के प्रयासों की सराहना करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पानी बचाने के लिए जनसहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान फसल कटाई के बाद नरवाई न जलाएं। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। जिपं सीईओ ने अन्य ग्रामवासियों से भी खेती में नवाचार के जरिए पैदावार बढ़ाने और इसके लिए अन्य कृषकों को भी जागरूक करने की नसीहत दी। उन्होंने ग्रामवासियों से टमाटर उत्पादों के लिए प्रसंस्करण यूनिट स्थापित करने की अपेक्षा की। परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार द्वारा विभागीय प्रयास से जिले में प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्रियान्वित विभिन्न कार्यों के बारे में अवगत कराया गया। सहायक संचालक उद्यानिकी पी.के. श्रीवास्तव ने अभियान के दौरान आयोजित की जाने वाली तीन विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों से टपक सिंचाई के माध्यम से सब्जी उत्पादन करने तथा इससे पानी की बचत के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना को लाभकारी बताया। साथ ही स्थानीय ग्रामवासियों से इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर स्वयं की यूनिट स्थापना की अपील भी की। इस दौरान किसानों को विभाग स्तर पर आयोजित कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला एवं विभिन्न स्थानों पर भ्रमण सहित पाली एवं नेट हाउस की स्थापना तथा जैविक एवं प्राकृतिक खाद के उपयोग से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संजीत सिंह बागरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान विभाग की विभिन्न योजनाओं और उद्यानिकी खेती के लिए किसानों को लाभप्रद जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम में सरपंच प्रकाश मजूमदार सहित तकनीकी सहायक आरती सिंह एवं बड़ी संख्या में स्थानीय कृषक भी उपस्थित रहे।

### खेत में सब्जी उत्पादन का किया अवलोकन

जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अधिकारियों द्वारा जरूआपुर गांव में कृषक सुब्रत कुमार मलिक के खेत में पहुंचकर सब्जी उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। इस दौरान कृषक द्वारा बेहतर पैदावार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। साथ ही ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग पद्धति से सब्जी उत्पादन की विस्तृत प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उन्नत तकनीक के जरिए टमाटर का उत्पादन करने वाले किसान दुर्गा प्रसाद कुशवाहा ने अपने अनुभव भी साझा किए।

**खबर संक्षेप**

### ग्रीष्मकालीन खेल शिविर 2025-26 के लिए हुई बैठक



**छतरपुर**। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2025-26 के आयोजन की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने की। बैठक में जिला एवं विकासखंड मुख्यालयों पर होने वाले शिविर की तिथि, समय, भाग लेने वाले बच्चों की आयु सीमा, शामिल खेलों (मलखम्भ सहित अन्य खेल) की सूची, आयोजन स्थल और प्रशिक्षकों की उपलब्धता पर चर्चा की गई। खेल सामग्री, पेयजल, साफ-सफाई, मैदान की स्थिति और खिलाड़ियों की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी राजेंद्र कोष्ठा, डीएसओ श्रीकांत द्विवेदी, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, खेल प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विश्व हीमोफीलिया दिवस पर हुआ कार्यशाला का आयोजन



**छतरपुर**। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ब्रांच छतरपुर द्वारा 17 अप्रैल 2025 को नर्मदा हॉस्पिटल में विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. ह्रदेश खरे, डॉ. ए.के. रावत और डॉ. डी.डी. चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. आरती बजाज ने हीमोफीलिया बीमारी के लक्षण, जांच, उपचार और प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हीमोफीलिया एक अनुवांशिक रोग है, जो जीन म्यूटेशन के कारण होता है और पुरुषों में अधिक देखा जाता है। इस अवसर पर आईएमए अध्यक्ष डॉ. गायत्री नामदेव, सचिव डॉ. ऋषि द्विवेदी सहित डॉ. जी.एल. अहिरवार, डॉ. पीयूष बजाज, डॉ. कविता तिवारी, डॉ. मुकेश प्रजापति, डॉ. निधि रूसिया, डॉ. विवेक रूसिया और अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यशाला का उद्देश्य आमजन को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना था।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने वीसी के माध्यम से की समीक्षा

# नरवाई जलाने पर किसानों को लगेगा जुर्माना

**छतरपुर। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल के द्वारा गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से खेतों में नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को रोकने के संबंध में समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। छतरपुर जिले के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर पार्थ जैसवाल सहित कृषि विभाग तथा सम्बन्धित अधिकारी जुड़े रहे। वी.सी. उपरांत कलेक्टर श्री जैसवाल ने अधिकारियों को खेतों की नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को रोकने के संबंध में ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी की कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। गठित कमेटी सेटेलाइट से प्राप्त नरवाई जलाने की घटना की पुष्टि कर प्रतिवेदन संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार को प्रस्तुत करेगी। प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार तहसीलदार दण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें।**



### नेशनल ग्रीन ट्रिव्यूनल द्वारा निर्धारित दंड का प्रावधान

पर्यावरण सुरक्षा के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिव्यूनल द्वारा नरवाई जलाने पर 02 एकड से कम भूमि धारक को 2500 रुपये प्रति घटना, 02 से 05 एकड भूमि धारक कृषक को 5000 रुपये प्रति घटना तथा 05 एकड से अधिक भूमि धारक कृषक को 15000 रुपये प्रति घटना दण्ड का प्रावधान किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा किसान भाइयों से अपील की जाती है कि पर्यावरण प्रदूषण, मृदा की उर्वरता बनाये रखने एवं जन-धन हानि को रोकने अपने खेतों की नरवाई को न जलाएं बल्कि उसका उचित प्रबंधन जैसे स्ट्रारीपर की सहायता से भूषा निर्माण अथवा रिवर्सिवल प्लाऊ, रोटावेटर जैसे उपकरणों से मिट्टी में मिला कर मृदा को उपजाऊ बनाये।

### नरवाई मिट्टी में मिलने से उर्वरक क्षमता बढ़ती है

नरवाई युक्त खेतों में हैप्पी सीडर, सुपर सीडर की मदद से फसलों की सीधी बुबाई कर फसल उत्पादन लागत को कम कर सकते है। हैप्पी सीडर, सुपर सीडर का उपयोग करने से नरवाई में आग की घटना, बुबाई पूर्व जुताई की लागत को कम किया जा सकता है साथ ही नरवाई मृदा में मिल जाने से मृदा की उर्वरता में वृद्धि होती है।

# पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा महिला का पारिवारिक विवाद

## दुकान पर कब्जा करने के लगाए आरोप, मांगा न्याय

**हरपालपुर**। नगर के पुरानी स्टेट बैंक रोड निवासी राजपति यादव ने पति बाबूलाल यादव सहित परिवार के लोगों पर दुकान कब्जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। राजपति ने बताया कि वार्ड क्रमांक 11 में स्थित भवन क्रमांक 713/2, जो उसके पुत्र रहीस यादव के नाम पर है, उसमें आधे हिस्से में कपड़े की दुकान संचालित होती है। यही दुकान उनके परिवार की आय का प्रमुख स्रोत है। राजपति का आरोप है कि उसका पति बाबूलाल, दशरथ, आशीष, कस्तूरी और अभिलाष यादव बीते पांच दिनों से दुकान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। बुधवार की शाम को थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मी घर पहुंचे और राजपति को थाने बुलाया गया। जब वह थाने गई तभी आरोपियों ने दुकान पर कब्जा कर लिया। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उसकी शिकायत दर्ज करने की बजाय उसे थाने बुलाया और इसी दौरान दुकान पर आरोपियों का कब्जा करवा दिया गया। राजपति ने एसपी से शिकायत कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई और दुकान वापस दिलाने की मांग की है। वहीं इस मामले में हरपालपुर थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने बताया कि मामला पति-पत्नी के बीच संपत्ति को लेकर विवाद का है। पति, पत्नी से अलग होकर भाइयों के साथ रहता है और दो दुकानें भाइयों को देना चाहता है, जबकि पत्नी चाहती है कि चारों दुकानें उसके पास रहें। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने 88 गुम हुए मोबाइल फोन खोजकर लौटाए

**छतरपुर**। छतरपुर पुलिस ने तकनीकी सहायता से 88 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए हैं। इन मोबाइल की कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये आंकी गई है। मोबाइल फोन गुम होने से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल और जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि गुम हुए मोबाइल खोजने के लिए थानों के पुलिसकर्मियों को तकनीकी पोर्टल संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया था। पुलिस ने सैमसंग, वन प्लस, रेडमी, रियलमी, ओप्पो, वीवो, आई टेल समेत विभिन्न कंपनियों के मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए। ये मोबाइल छात्र-छात्राओं, मजदूरों, रिक्शा चालकों, एनजीओ कर्मचारियों, किसानों और गृहणियों के थे। पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित



कार्यक्रम में मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सौंपे गए। शेष मोबाइल फोन संबंधित थानों में वितरित किए गए। मोबाइल मिलने पर लोगों ने पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक किशोर पटेल, प्रधान आरक्षक किशोर कुमार, आरक्षक धर्मराज, विजय सिंह, राजीव सिंह, मयंक यादव, अभय एवं जिले के सभी प्रशिक्षित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### ईशानगर-2, गौरीहार परियोजना अंतर्गत सहायिका की अंतिम चयन सूची जारी

**छतरपुर**। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला छतरपुर द्वारा खण्ड स्तरीय आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका चयन के विरूद्ध प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत अंतिम चयन सूची जारी की गई। परियोजना ईशानगर-2 अंतर्गत ग्राम सरानी-2 में नीतू कश्यप पति ओम प्रकाश कश्यप एवं गौरीहार अंतर्गत ठकुर्रा में पंछू यादव पति जीतेन्द्र यादव का अंतिम चयन सहायिका पद पर किया गया। चयन के विरूद्ध प्रथम अपील 30 दिवस में जिला कलेक्टर छतरपुर को प्रस्तुत की जा सकती है।

# हरपालपुर कृषि उपज मंडी की बदहाल व्यवस्था

### सालों से बंद कैंटीन, किसानों को नहीं मिल पा रहा 5 रुपये में भोजन

**हरपालपुर**। सरकार भले ही किसानों की भलाई के लिए योजनाओं के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। हरपालपुर कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए घोषित 5 रुपये में भोजन योजना वर्षों से ठप पड़ी है। साथ ही पीने के पानी, विश्रामगृह और उचित तौल की सुविधाएं भी नदारद हैं, जिससे दूर-दराज से आए किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मंडी परिसर में स्थित कैंटीन वर्षों से बंद पड़ी है। मंडी सचिव संतोष नागर ने बताया कि कई बार कैंटीन संचालन के लिए निविदा जारी की गई, लेकिन



किसी भी ठेकेदार ने रुचि नहीं दिखाई। इससे यहां मिलने वाली 5 रुपये की भोजन योजना बंद हो गई है। किसानों को मंडी में भोजन के लिए बाहर भटकना पड़ता है। मंडी में पीने के पानी की व्यवस्था भी नाममात्र की है। पूरे परिसर में सिर्फ एक हैंडपंप है, जो पानी कम और हवा ज्यादा देता है। मंडी सचिव का कहना है कि पानी के लिए एक कर्मचारी तैनात किया गया है, और मटके रखवाए गए हैं ताकि किसानों को ठंडा पानी मिल सके। मंडी में मौजूद किसान विश्रामगृह भी बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। देखरेख के अभाव में दीवारों का प्लास्टर उखड़ चुका है, खिड़कियां और रोशनदान टूटे पड़े हैं। ऐसे में यदि किसी किसान को रुकना भी पड़े, तो वह संभव नहीं है। मंडी में उपज की डाक बोली के दौरान भी अनियमितताएं देखी जा रही हैं। व्यापारियों द्वारा फसल को जांचने के बहाने नीचे फेंक दिया जाता है। इसके बाद महिलाएं झाड़ू और बोरियों के साथ इन फसलों को इकट्ठा कर ले जाती हैं। इस पर कई बार किसानों की उनसे बहस भी हो चुकी है। हरपालपुर मंडी में मध्यप्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश के महोबा और झांसी जिलों से भी किसान बड़ी संख्या में फसल लेकर पहुंचते हैं। हर रबी सीजन में लाखों क्विंटल गेहूं की खरीद होती है, लेकिन अव्यवस्थाओं के कारण किसानों की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ती जा रही हैं।

### मंडी सचिव बोले - प्रयास जारी हैं

मंडी सचिव संतोष नागर का कहना है कि किसानों के लिए ठंडा पानी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को पानी पिलाने के लिए कर्मचारी तैनात है। मटके रखवाए गए हैं। कैंटीन के लिए पुनः ठेका देने की कोशिशें भी जारी हैं। व्यक्तिगत रूप से ठेकेदारों से बात की जा रही है, ताकि कैंटीन संचालन दोबारा शुरू हो सके।

# युवा मोर्चा ने जलाया राहुल गांधी का पुतला

### नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर हुआ प्रदर्शन

**छतरपुर**। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने छतरपुर में जोरदार प्रदर्शन किया। छत्रसाल चौराहे पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला जलाया और नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में देश का सबसे बड़ा घोटाला किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई से बचने के लिए कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर अपने नेताओं को बचाने की कोशिश कर रही है और जनता को गुमराह कर रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और केंद्र सरकार के समर्थन में नारे लगाए।



# राजनगर अधिवक्ता संघ ने एक देश, एक चुनाव का किया समर्थन

**राजनगर**। राजनगर तहसील सभागार में एक देश, एक चुनाव विषय पर आयोजित परिचर्चा में अधिवक्ता संघ ने सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया की उपस्थिति रही। अधिवक्ता श्याम बाबू द्वारा प्रस्तावना प्रस्तुत की गई, जिसे अधिवक्ता देवेंद्र सोनी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने समर्थन दिया। विधायक पटैरिया ने एक देश, एक चुनाव‍ के संभावित लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा शासन-प्रशासन की निरंतरता बनी रहेगी। परिचर्चा से पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष आरके उपाध्याय, सचिव जय प्रकाश, मुहम्मद हाशिम शेख, के आर सिंह, दिलीप सिंह यादव, राजकुमार गंगेले सहित अन्य अधिवक्ताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक ने अधिवक्ताओं के बैठने के लिए अधिवक्ता चैंबर निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया। अंत में अधिवक्ता हरिशंकर अवस्थी ने विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपरांत राजनगर अधिवक्ता संघ कार्यालय के जीर्णोद्धार के बाद फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन विधायक पटैरिया ने एसडीएम प्रशांत अग्रवाल व तहसीलदार धीरज गौतम की उपस्थिति में किया।





### श्रीरामघाट से जटाशंकर धाम तक निकाली जा रही पदयात्रा

**छतरपुर**। हर वर्ष की तरह इस बार भी बैशाख माह में झमटुली पंचायत के श्रीरामघाट धाम से जटाशंकर तक की 45 किलोमीटर पदयात्रा की शुरुआत हो गई है। सुख-समृद्धि और मंगलकामना के साथ निकली यह यात्रा गुरुवार को अमरोनिया तक पहुंची। झमटुली गांव के ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, माताएं और बहनें इस पदयात्रा में उत्साहपूर्वक शामिल हैं। यात्रा के प्रमुख आकर्षण सरपंच प्रतिनिधि राजू पटेल हैं, जो लगातार दण्डवत करते हुए चल रहे हैं और शनिवार की सुबह जटाशंकर धाम पहुंचकर भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगे। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु पूरे रास्ते भजन-कीर्तन, नृत्य और जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यह यात्रा क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का प्रतीक बन चुकी है।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल में क्लोरीन गैस रिसाव पर राज्य-स्तरीय मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन पर दिखाई गई शानदार तैयारी




**सिंगरौली**। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए वह हर मोर्चे पर तैयार है। दिनांक 17.04.2025 को संयंत्र परिसर में एक राज्य-स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें क्लोरीन गैस रिसाव की स्थिति को दर्शाते हुए राहत और बचाव कार्य का अभ्यास किया गया।

**इस बड़े पैमाने पर आयोजित मॉक ड्रिल का उद्देश्य था** — आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की जांच, विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और औद्योगिक आपदाओं से निपटने के लिए रणनीति को और मजबूत करना।

इस मॉक ड्रिल में कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से श्री ई. सत्य फणि कुमार (कार्यकारी निदेशक, विन्ध्याचल), श्री संजीब कुमार साहा (महाप्रबंधक- प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री पी. के. सेन गुप्ता (एडीएम), श्री अभिषेक रंजन (एडिशनल एसपी) और सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट श्री सदराराम यादव शामिल रहे। आयोजन की पूरी कमान सीआईएसएफ के फायर इंस्पेक्टर श्री गगन सैनी के हाथों में थी।

इस मॉक ड्रिल में सीआईएसएफ, एनटीपीसी विन्ध्याचल एवं सिंगरौली की मेडिकल और सेफ्टी टीमें, एनसीएल की फायर यूनिट, रिलायंस शासन, ट्रॉमा सेंटर हॉस्पिटल, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और डिजास्टर मित्र जैसे कई संगठनों ने मिलकर हिस्सा लिया। ड्रिल के दौरान तेजी से एम्बुलेंस की तैनाती, भीड़ का नियंत्रण, घायलों को प्राथमिक उपचार और एजेंसियों के बीच समन्वय को प्रमुखता से परखा गया। एडीएम श्री सेन गुप्ता ने आपसी समन्वय और तुरंत की गई व्यवस्थाओं की सराहना की, वहीं एडिशनल एसपी श्री रंजन ने कहा कि ऐसे अभ्यास तत्काल आपात स्थितियों में हमारी ताकत बनते हैं। कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री ई. सत्य फणी कुमार ने कहा, ₹इस तरह के मॉक ड्रिल न केवल जान बचाते हैं, बल्कि सभी विभागों को एकजुट कर एक मजबूत टीम के रूप में काम करने की प्रेरणा भी देते हैं। वहीं, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीब कुमार साहा ने टीम की एकजुटता और तत्परता की प्रशंसा की। सीआईएसएफ पर्यवेक्षकों ने भी सभी टीमों की प्रोफेशनल अप्रोच और तेज प्रतिक्रिया को सराहा। यह मॉक ड्रिल न केवल एनटीपीसी विंध्याचल के भीतर बल्कि पड़ोसी औद्योगिक इकाइयों जैसे रिलायंस सासन और एनसीएल के साथ सहयोग और साझा जिम्मेदारी की भावना को भी दर्शाता है। नियमित मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की तैयारियां भविष्य में किसी भी आपदा से निपटने में अत्यंत सहायक होंगी।

# दूसरे पंचायत से मजदूर बुलाकर हो रहा अत्यंत घटिया रोड़ निर्माण

## मामला डिग्घी पंचायत का पंचों सहित ग्रामीणों ने स्थल पर जाकर जताया विरोध

**सिगरौली**। अपने घटिया निर्माण कार्यों तथा भ्रष्टाचार के आकंठ में पूरी तरह डूबी डिग्घी पंचायत के भ्रष्ट सचिव रही देवकुमारी शाह के पति राकेश शाह द्वारा दूसरे ग्राम पंचायत से लेबर बुलाकर अपने सरिया सीमेंट की दुकान से मटेरियल देकर एकदम घटिया स्तर का पी सी सी सड़क का कार्य चोकरा-हरैया ग्राम में किया जा रहा है जब घटिया निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने देखा तो जनपद पंचायत के सहायक यंत्री, उपयंत्री को मौके पर बुलाकर मुआयना कराया जब घटिया कार्य अधिकारियों ने देखा तो तुरंत कार्य को बंद कर मानक के अनुरूप कार्य करने हेतु सरपंच सचिव को निर्देशित किया दूसरे दिन पुनः सरपंच मुन्नी कोल,तत्कालीन पूर्व मे रही सचिव का ठेकेदार पति राकेश शाह सरपंच का लड़का मौके पर जाकर पुनः बिना वेश बनाए सिर्फ सीमेंट के स्थान पर छाई डलवाकर घटिया रोड़ निर्माण करवाया जा रहा है! वहीं बिना मजदूरों का डिमांड डाले बिना मस्टर के रोजगार सहायक सचिव,





सरपंच के द्वारा दूसरे नजदीकी पंचायत के मजदूरों से ठेकेदारी के माध्यम से राकेश शाह द्वारा सरपंच के लड़के को साइड पर बिठाकर कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपसरपंच पंचों के उपस्थिति में पुनः लगभग 30,40 मीटर रोड बनाने के बाद ग्रामीणों के शिकायत पर मौका स्थल पर जाकर देखा तो फिर से घटिया कार्य कराया जा रहा है।

गौरतलब है कि ठेकेदार भ्रष्ट सचिव का पति राकेश शाह अपने राजनीतिक पहुंच के सहारे पुनः घटिया कार्य करवा रहा है जबकि उसके पत्नी के ऊपर लगभग कई लाख रुपए की वसूली राशि की नोटिस दी है! कार्यवाही प्रचलन में है लेकिन उक्त कार्य से अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने से राकेश शाह, सरपंच मुन्नी कोल रोजगार सहायक, सचिव मिलकर पुनः इतने शिकायत के बावजूद भी घटिया पी सी सी रोड का निर्माण कर रहे है।सरपंच मुन्नी कोल का कहना है कि हम ऐसे ही घटिया कार्य करवाएंगे हमको ऊपर तक पैसा देना पड़ता है ज्यादा परेशान करेंगे तो हम शिकायत कर्ताओं को झूठे हरिजन आदिवासी एक्ट तथा छेड़खानी के प्रकरण में फसा देंगे। लेकिन आज पुनः ग्रामीणों सहित कई पंच तथा उपसरपंच मौके पर जाकर स्थल पर वीडीओ जारी कर घटिया कार्य की पोल खोल दिए वही वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर इस घटिया कार्य को बंद कराकर मानक के अनुरूप कार्य करवाए जाने हेतु मांग किया गया। बहरहाल ठेकेदारी के आधार पर दूसरे ग्राम के श्रमिकों से कार्य करवाकर फिर स्थानीय ग्राम के फर्जी मजदूरों के नाम मस्टर में डालकर लीपापोती किया जा रहा है।उक्त कार्यों को अगर अधिकारी समय रहते आवश्यक कार्यवाही नहीं करते तो ग्रामीणों का गुस्सा कभी विस्फोटक रूप ले सकता है।

अभी देखना यह होगा कि कार्य सही होता है या पहले की तरह भ्रष्ट सचिव देवकुमारी शाह उसके पति राकेश शाह के द्वारा वसूली के राशि के तरह सिर्फ नोटिस देकर अधिकारी पल्ला झाड़कर अपना कोरम पूरा करेंगे ।

खबर संक्षेप



## पुलिस ने विक्षिप्त बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**मऊगंज** जिले के नईगढी थाना पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त रूप से बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के निर्देशन मे , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिह , एसडीओपी श्रीमती हिमाली पाठक के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी उप-निरीक्षक जगदीश सिह ठाकुर के कुशल नेतृत्व मे हमराह स्टाफ द्वारा सफलता हासिल की है, बता दे 15 अप्रैल फरियादी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि मैं अपने मायके गयी थी एवं मेरे पति घर से बाहर मजदूरी करने गये थे इसी समय मेरी लड़की घर पर अकेली थी जो मानसिक रुप से विक्षिप्त है तभी मेरे घर के बगल में मजदूरी करने आये आरोपी द्वारा मेरे घर के अन्दर घुसकर लड़की के साथ बलात्कार किया गया । फरियादिया की रिपोर्ट पर बलात्कार संबंधित अप धारा मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । दौरान विवेचना आरोपी श्यामलाल साकेत पिता रामगरीब साकेत उम्र 30 वर्ष निवासी डाभी थाना नईगढी जिला मऊगंज को की पता तलाश की गई जो गांव से भागने लगा जिसे नईगढी पुलिस द्वारा 20 किमी पीछा कर बराव थाना शाहपुर से घेराबंदी कर 17 अप्रैल आज गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मऊगंज पेश किया गया ।

## शादी के हल्दी रस्म में दुल्हन के रिश्तेदार को आया हार्ट अटैक, हुई मौत



**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान दुल्हन के ही दादा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बुधवार को जिस घर से दुल्हन की डोली उठनी थी उस घर में बुधवार को ही अर्थी उठी को पूरा गांव गमगीन हो गया। बताया गया कि कार्यक्रम चल ही रहा था तभी उसी स्थान पर मृतक की हालत बिगड़ी और अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक बृहस्पति कुशवाहा भोपाल में रहकर जल विभाग में नौकरी करते थे और अपने पोती के शादी में शामिल होने के लिए मैदानी परिवार के साथ आए हुए थे। रात तकरीबन 9 बजे हल्दी कार्यक्रम चल रहा था तभी बृहस्पति को हार्ट अटैक का दर्द हुआ जब उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि बुधवार को शारदा पुरम स्थित निवास में बारात घर आने वाली थी लेकिन इसके पहले ही शादी के माहौल में मातम छा गया।

## कॉम्बिंग गश्त अभियान में रीवा जोन में 627 वारंटी गिरफ्तार

**रीवा ।** रीवा जोन के सभी जिलों मे आईजी गौरव राजपूत के निर्देशन पर अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से मंगलवार रात संभाग के सभी जिलों में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, रीवा जोन संभाग में कुल 527 बारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 171 स्थायी बारंटी शामिल थे। रीवा जिले में सबसे ज्यादा 263 वारंटियों को पकड़ा गया। पुलिस ने देर रात नशा कारोबारियों, निगरानी बदमाशों और आदतन अपराधियों के परी में दबिश दी। कुल 229 निगरानी और 314 गुण्डा बदमाशों को चेक किया गया। इस दौरान अवैध शराब बेचते 12 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया।आईजी ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अपराधियों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। कहा कि थाना क्षेत्र के संपत्ति संबंधी अपराधी गुण्डा बदमाश, जिलाबदर के आरोपियों को नियमित रूप से सभी थानों की पुलिस चेक करेगी। जो सम्पत्ति संबंधी अपराधी है उनकी आय का स्त्रोत पता लगायेगी।

## पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की स्थानांतरण नीति शीघ्र होगी घोषित

# जिला योजना समिति की बैठक में कई प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

### आवास प्लस योजना में 27 लाख आवास मंजूर - 6.5 लाख आवासों को भी मिलेगी मंजूरी

रीवा ।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने की। बैठक में शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज का नाम कल्पना चावला पॉलिटेक्निक कालेज करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में मेसर्स गोकुलदास एक्सपोर्ट लिमिटेड बैंगलोर के सहयोग से शासकीय कन्या महाविद्यालय के छात्रावास में सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों के स्थानांतरण की नीति शीघ्र घोषित होगी। इसके अनुसार स्थानांतरण किए जाएंगे।बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करें। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य कराएं। जिन गांवों में गत वर्षों में पानी का संकट रहा वहाँ हैण्डपंप तथा कुओं में रिचार्ज पिट प्राथमिकता से बनाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल जल संरक्षण कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करके निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। अभियान के तहत मनरेगा से मंजूर सभी अधूरे कार्य 15 मई तक पूरे कराएं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान से 50 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण कराया जाएगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में ग्राम पंचायतें नलजल योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। जल संवर्धन और संरक्षण के कार्य में सामाजिक संगठनों तथा आमजनता की भी भागीदारी आवश्यक है। बैठक में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में पानी का संकट दूर करने के लिए बाणसागर बांध की नहरों से तालाबों और नदियों में पानी छोड़ने का सुझाव दिया। विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने जिला योजना समिति के पुनर्गठन तथा जब तक मऊगंज जिले में जिला पंचायत का गठन नहीं हो जाता तब तक वहाँ के जिला पंचायत सदस्यों को रीवा की योजना समिति की बैठक में सदस्य के रूप में शामिल करने का सुझाव दिया। श्री गौतम ने नलजल योजना तथा पेयजल व्यवस्था के भी मुद्दे उठाए। विधायक सेमरिया अभय मिश्रा ने पेयजल व्यवस्था, बसामन मामा में तीन करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से एनिकट निर्माण, कौआढान में सड़क निर्माण तथा जिला योजना समिति के पुनर्गठन के मामले रखे। बैठक में महापौर रीवा नगर निगम श्री अजय मिश्रा ने बाणसागर बांध की नहरों की साफ-सफाई तथा गाद निकालने का सुझाव दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने ग्राम पंचायत सचिवों के स्थानांतरण का मुद्दा उठाया। समिति के सदस्य डॉ अजय सिंह ने मतदाता सूची का मुद्दा उठाया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में 393 निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। इनमें से 255 कार्य प्रारंभ हो गए हैं। बैठक में बताया गया कि जिले में अपर पुरवा नहर तथा अन्य नहरों की साफ-सफाई के लिए 141 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। जिले में 67 एकल नलजल योजनायें ग्राम पंचायतों को हैंडओवर कर दी गई हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान से हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। जल जीवन मिशन की तीन समूह नलजल योजनाएं निर्माणाधीन हैं। इनका कार्य मार्च 2026 तक पूरा होगा। इनसे 1700 गांवों में पानी की आपूर्ति होगी। बैठक में विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री राजेश पाण्डेय, समाजसेवी राजेश पाण्डेय तथा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, वन मण्डलाधिकारी, संयुक्त संचालक योजना अनिल दुबे, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बॉक्स आवास प्लस योजना से प्रदेश में 27 लाख गरीब परिवारों को आवास मंजूर बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस योजना से रीवा जिले ही नहीं पूरे विन्ध्य में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। नए पात्र परिवारों को योजना का लाभ देने के लिए एक लाख 72 हजार परिवार चिन्हित किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना से प्रदेश में 27 लाख गरीब परिवारों को आवास मंजूर किए गए हैं। इसके शेष 6 लाख 50 हजार आवास शीघ्र स्वीकृत किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में गरीब परिवारों को पक्के आवास के लिए एसडीएम प्राथमिकता से जमीन उपलब्ध कराएं। इस योजना से मल्टी स्टोरी आवास भी बनाए जा सकते हैं।बॉक्स बिगड़े हैण्डपंपों का अभियान चलाकर सुधार कराएं पेयजल की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस वर्ष जिले में औसत से कम वर्षा हुई है। जिले की सभी बसाहटों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई बिगड़े हैण्डपंपों का अभियान चलाकर सुधार कराएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल संकट की आशंका हो वहाँ वैकल्पिक स्त्रोत से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों के पास उपलब्ध राशि से स्पाट सोर्स पर पानी की टंकी रखकर भी पेयजल की आपूर्ति कराएं। जहाँ जरूरत हो वहाँ तत्काल हैण्डपंपों में सिंगल फेज मोटर लगाकर पानी की आपूर्ति करें। जल जीवन मिशन की समूह नलजल योजना से जिन गांवों में पानी दिया जा रहा है उनमें पाइप की मरम्मत तथा अन्य कमियाँ दूर कर नियमित रूप से पानी की सप्लाई करें। बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन को भी मंजूरी दी गई।

## गंगा संवर्धन अभियान में बिछिया नदी के उद्गम स्थल में पंचायत मंत्री ने किया भूमि पूजन



मऊगंज

जिले के ग्राम पंचायत मे मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान में मुख्य अतिथि माननीय मंत्री पंचायत ग्रामीण विकास विभाग भोपाल प्रहलाद पटेल एवं अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता कोल, श्रीमती नीलम सिंह जनपद अध्यक्ष मऊगंज, कलेक्टर संजय कुमार जैन पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गूजर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मऊगंज रहै कार्यक्रम में स्वागत भाषण विधायक देवतालाब गिरीश गौतम द्वारी दिया गया एवं रीवा जिले में तालाब के संरक्षण के लिए कानून बना था इस पर जानकारी दी गई, मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा नदियों के उद्गम स्थल में जीवन की शुरुआत होती है और नदियों के संगम में जीवन पूर्ण होता है इसकी जानकारी विस्तार दीं गई कार्यक्रम का संचालन विकास खंड समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकास खंड मऊगंज अजय चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के सदस्य नवांकुर संस्था से सिद्धमुनि शर्मा, संजय पांडेय परामर्शदाता शिव शंकर श्रीवास्तव, श्रीमती पूजा मिश्रा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों एवं ग्रामीण जनों के साथ बिछिया नदी उद्गम स्थल खैरा पहाड़ पर श्रमदान किया गया कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गूजर द्वारा व्यक्त किया गया1

## वर्दी में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा भोजपुरी गीतों पर बनाई रील वायरल

# एसपी ने जांच के लिए आदेश

रीवा ।



रीवा महिला पुलिसकर्मियों ने ऑन ड्यूटी में भोजपुरी गीतों पर सोशल मीडिया मे रील बनाया जो अब वायरल हो गया। यूनिफार्म में बनाई गई रील अधिकारियों के संज्ञान में आ गई, जिसमें एसपी ने जांच के आदेश जारी किए हैं। बता दे कि दो महिला पुलिसकर्मियों द्वारा रील बनाकर उसको वायरल किया गया था। थाने के वाहन, रानी तालाब ड्यूटी सहित अन्य स्थानों पर उन्होंने अलग अलग शाट की रील बनाई थी, जिसको सोशल नेटवर्किंग प्लेट फार्म में वायरल कर दिया। इसमें कुछ फिल्मी गाने भी डाले गए थे, जिसके साथ रील को वायरल किया गया था। उक्त कर्मचारियों की यह रील वायरल हो गई जिसको अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। एसपी ने उक्त रील पर जांच के आदेश जारी कर दिये है जिसमें महिला कर्मचारियों पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। इसमें सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा भी शामिल हैं। सिटी कोतवाली में पदस्थ एक महिला प्रधान आरक्षक ने अपने सहकर्मियों के साथ ये रील थाना और पुलिस वाहन में बनाए हैं। भोजपुरी गीतों पर तैयार इस रील को इंस्टाग्राम अकाउंट संध्या वर्मा 790 से शेयर किया गया था। विवाद बढ़ने के बाद महिला पुलिसकर्मी ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट कर दिया। वर्तमान में ज्यादातर पुलिसकर्मियों द्वारा रील बनाकर उसको वायरल किया जाता है। ऐसी रौल जिसमें पुलिस की छवि खराब हो रही है उसको अधिकारी संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर सकते है। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को अनावश्यक रील बनाकर वायरल करने से बचने के निर्देश दिए है। बॉक्स अधिवक्ता ने अनुशासनहीनता बताते हुए कार्रवाई की मांगअधिवक्ता बीके माला ने ऑन ड्यूटी इस तरह की रील बनाकर पोस्ट करने को अनुचित करार दिया है। उन्होंने इसे अनुशासनहीनता बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। रीवा में अपराध और नशे का कारोबार बढ़ रहा है और पुलिसकर्मी ड्यूटी के समय रील बनाकर लाइक बटोरने में व्यस्त हैं। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने प्रदेश में बढ़ते अपराध और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

# बिछिया नदी के उद्गम स्थल को जीवंत बनाये रखने में ग्रामवासी सहभागी बनें





### जल गंगा संवर्धन अभियान में बिछिया नदी के उद्गम स्थल में पंचायत मंत्री ने की पूजा-अर्चनाग्रामीणों से किया जन संवाद, ग्रामसभा में हुए सम्मिलित

रीवा ।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मऊगंज जिले के खैरा ग्राम में बिछिया नदी के उद्गम स्थल में पूजा-अर्चना की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में नदी के उद्गम स्थल में पुष्प अर्पित कर दुग्ध अभिषेक किया। जन भागीदारी से जल संचयन के संकल्प के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में मंत्री प्रहलाद पटेल ने ग्रामीणजनों से संवाद करते हुए ग्रामसभा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मंत्री श्री पटेल ने कहा कि बिछिया नदी के उद्गम स्थल में फेंसिंग कराकर वर्षाकाल में पौधारोपण करें। उन्होंने कहा कि खैरा की पुण्य भूमि नदी का उद्गम स्थल है। यहाँ के निवासियों को भू जल स्तर बनाये रखने के लिए इसे हरा-भरा बनाना होगा। पौधारोपण से आने वाली पीढ़ी का भविष्य संवरेगा। भू जल स्तर में आ रही कमी व जल संकट को चुनौती के तौर पर स्वीकार करते हुए इससे निपटने के लिए समवेत होने का उन्होंने आहवान किया। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि इस वर्ष तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से कराए जाकर वृक्षारोपण की तैयारी व पुराने जल स्त्रोतों के संरक्षण व पुर्नरूद्धार के कार्य इस दौरान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में भवन बनाने, सामुदायिक भवन निर्माण व जनपद पंचायतों के भवन निर्माण के कार्य कराए जाएंगे। श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों के कार्य की प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। विभिन्न मदों से प्राप्त होने वाली राशि से पंचायतों में आवश्यकतानुसार कार्य कराए जाएं तथा आवास प्लस की सूची में पात्र हितग्राहियों के नाम शामिल कराएं। इस अवसर पर विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने कहा कि जल को सहेजने व प्राकृतिक जल संरचनाओं के संरक्षण का कार्य बेहतर ढंग से किया जाए। रीवा व मऊगंज जिले में गत वर्षों में 2167 तालाब थे जो अब मात्र 850 रह गए हैं। हमें इस बात की चिंता करनी होगी और जल संरक्षण में सभी को भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल में जब जल संकट नहीं था तब भी हमारे पूर्वज भू जल स्तर बनाए रखने के लिए तालाबों का निर्माण करते थे। जल संरक्षण व संवर्धन में सामाजिक चेतना आवश्यक है। सभी को इस कार्य में सहभागी बनना होगा। उन्होंने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए पानी बचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने आश्वस्त किया कि जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य पूरी तत्परता से कराए जाएंगे। ग्रीष्म काल में तैयारी कर वर्षा काल में पौधारोपण का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह, स्वामी योगानंद, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र शुक्ला, पूर्व भाजपा अध्यक्ष रीवा डॉ अजय सिंह, सरपंच दुअसिया पटेल, डीआईजी श्री राजेश सिंह चंदेल, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, एसपी दिलीप सोनी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पोषण पखवाड़ा 2025 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मऊगंज





मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास संचालनालय भोपाल से जारी निर्देश के पालन में महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में पोषण पखवाड़ा 2025 जागरूकता कार्यक्रम का जनपद सभागार मे आयोजन किया गया कार्यक्रम में अंतर विभागीय ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती नीलम सिंह जनपद अध्यक्ष मऊगंज के द्वारा किया गया विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय के साथ संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता के विषय में विशेष जानकारी दी गई एक परिसर एक शाला नियम के तहत जो आंगनवाड़ी केंद्र विद्यालय मे संचालित है शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक दूसरे के समन्वय से बच्चों के स्वच्छता एवं पोषण के बारे में देखभाल करें विकासखंड स्त्रोत समन्वय द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र से 6 वर्ष तक के बच्चे जो शाला में प्रवेश करने वाले हैं उनको समारोह पूर्वक विद्यालय में दाखिला करवाऐ एवं अभिभावकों को जागरुक करने के लिए कार्यकर्ताओं को समझाइस दी गई ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर द्वारा स्वास्थ्य विभाग से महिलाओं एवं बच्चों के उपचार हेतु प्रतिमाह आयोजित ग्राम स्वच्छता दिवस पर अधिक से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एंव महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करवाने की जानकारी साझा की गई जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रवेश मिश्रा द्वारा पोषण पखवाड़ा 2025 आयोजन के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की रूपरेखा से उपस्थित जनों को जानकारी दी गई परियोजना अधिकारी श्रीमती निर्मला शर्मा द्वारा पोषण पखवाड़ा 2025 के उद्देश्य 1000 दिवस आधारित देखभाल, पोषण ट्रैकर मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, मुख्यमंत्री बाल संवर्धन योजना के तहत बच्चों का प्रबंधन एवं बच्चों के मोटापे से बचाव एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के जानकारी दी गई एंव कहा गया कि जो भी आपको जानकारी दी जा रही है वह अंतिम छोर के हितग्राही तक पहुंचाएं लोगों के व्यवहार में परिवर्तन करें ताकि बच्चे की परवरिश और देखभाल उचित तरीके से हो सके और कुपोषण से बचाव किया जा सके सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती श्वेता सोनी मंजू पांडे ,शांति पटेल एवं सरोज साकेत जी द्वारा मोटे अनाज एवं टेक होम राशन से निर्मित पोषण प्रदर्शनी तैयार करवाई गई उपस्थित प्रतिभागियों को प्रदर्शनी के माध्यम से मोटे अनाज के सेवन एवं उसके लाभ के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई कार्यक्रम मे राम रतन मिश्रा द्वारा विपरीत परिस्थितियों में छोटी-छोटी बचत करके महिलाएं कैसे अपने परिवार को सुरक्षित रख सकती हैं जानकारी दी गई कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती जनपद अध्यक्ष द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके खाते में प्रविष्ट लाडली बहना योजना की राशि के लिए बधाई दी गई महिला बाल विकास की टीम की सराहना की गई पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम 2025 के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए समस्त विभागों के समन्वय से प्रयास करने एवं अपने-अपने विभागों की योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके शीघ्र कार्रवाही करने के लिए निर्देशित किया गया जनपद अध्यक्ष द्वारा पोषण शपथ भी दिलाई गई कार्यक्रम में मऊगंज ब्लॉक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता एवं एनआरएलएम की अगुवा बहने उपस्थिति रही।